# सेमरिया में स्थित निगम की भूमि में लगेगा आनग्रीड सोलर प्लांट एमआईसी ने किया अनुमोदन

**भिलाईनगर।** आज नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में बुलाई गई। जिसमें ग्राम सेमरिया में निगम के 74 एकड़ भूमि के खसरा नबंर 312ध1 आनग्रीड सोलर प्लांट की स्थापना केडा विभाग के सहयोग से 1000 किलो वाट का आनग्रीड सिस्टम के 2 प्लांट की स्थापना होगी। जिसकी लागत 12.76 करोड़ आएगी। उत्पादित बिजली छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड को दी जाएगी। उसके बदले में उसी मूल्य की राशि की बिजली से निगम भिलाई अपने विद्युत व्यय की प्रतिपूर्ति करेगा। एमआईसी के अनुशंसा के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। स्वीकृति पश्चात आगे की कार्यवाही की जावेगी। निगम क्षेत्र में स्थित भवन अनुज्ञा प्राप्त आवास एवं व्यवसायिक परिसर में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाएगी। जिसके माध्यम से लगभग 1660 बचे हुए आवासीय एवं व्यवसायिक मकान है, जिनका निगम कोष में 15 हजार रूपया जमा है। उसी पैसे से उन मकानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाया जाएगा। एमआईसी सदस्यगणो ने इस प्रस्ताव की सराहना की। महापौर नीरज पाल ने कहा इसे शीध्रता से पूरा किया जाए। इसके निविदा में यह शर्त रखा जाए कि कई एजेंसियों के माध्यम से काम कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक संपादन कार्यो को बरसात आने से पूर्व कर लिया जाए। जोन 03 क्षेत्रांतर्गत सेक्टर 02 तालाब के पास निर्मित उद्यान में वीर शहीद राम आशीष यादव अमर बलिदानी स्मारक 3डी स्टेचू पेडस्टल प्रतिमा स्थापना एवं उद्यान का नामकरण करने के प्रस्ताव को महापौर परिषद ने अनुशंसा करके सामान्य सभा के समक्ष विचारार्थ रखने हेतु स्वीकृ ति प्रदान की। जोन 03 अंतर्गत वार्ड 56 सड़क 15 एवं 15ए के मध्य बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण कार्य का स्थल परिवर्तन कर वार्ड 66 सेक्टर 02 सड़क 16 त्रिमूर्ति उद्यान में बैंडमिंटन कोर्ट निर्माण करने का सहमति प्रदान की गई। वार्ड पार्षद द्वारा स्वयं स्थल परिवर्तन का मांग किया गया था। निगम क्षेत्र में स्थित 500 सीट शहरी अजीविका केन्द्र निर्माण कार्य संशोधित प्राक्कलन अनुसार कार्य कराये जाने की अनुमति हेतु कुल राशि 800 लाख मात्र की स्वीकृति प्रदान की गई थी। उक्त कार्य में विद्युत कार्य एवं आधुनिक पार्किंग व्यवस्था कार्य शेष था। उक्त कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु 49.96 लाख की अतिरिक्त बजट की आवश्यकता थी। भिलाईनगर विधायक देवेन्द्र यादव द्वारा विधायक निधि से शेष कार्य कराये जाने हेतु अतिरिक्त राशि 49.96 लाख अनुशंसा उपरांत दिनांक 23.03.2025 अनुसार प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होने के बाद उपरोक्त कार्य कराये जाने की अनुशंसा एमआईसी द्वारा प्रदान की गई। महापौर परिषद की बैठक में प्रभारी सदस्य लक्ष्मी पति राजू, एकांश बंछोर, सीजू एन्थोनी, केशव चौबे, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, आदित्य सिंह, लालचंद वर्मा, चंद्रशेखर गंवई, नेहा साहू, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर सहित आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय, सचिव नरेन्द्र कुमार बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली आदि उपस्थित रहे।

